**विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2025 के द्वितीय शुक्रवार हेतु निर्धारित श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-20 का उत्तर।**

| **प्रश्न** | **उत्तर** |
|---|---|
| 20 (क) क्या अल्प संख्यक कल्याण मंत्री बतायेंगे कि गोरखपुर मंडल के अर्न्तगत आने वाले जनपदों में स्थित सहायता प्राप्त अरबी-फारसी मदरसों की कुल संख्या कितनी है ? | गोरखपुर मंडल के अन्तर्गत आने वाले जनपदों में स्थित सहायता प्राप्त अरबी-फारसी मदरसों की कुल संख्या-73 है। |
| (ख) इन मदरसों में कार्यरत कितने शिक्षकों एवं कर्मचारियों का वेतन भुगतान किया जा रहा है और कितने मदरसों के शिक्षकों एवं कर्मचारियों का वेतन कब से रोका गया है, वेतन भुगतान न करने के प्रमुख कारण क्या है ? | मण्डल के कुल 73 राज्यानुदानित मदरसों में कार्यरत 1020 शिक्षक/शिक्षणेत्तर कार्मिकों के वेतन का भुगतान किया जा रहा है तथा जनपद देवरिया के कुल 14 शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का वेतन भुगतान बाधित है। मदरसे में नियुक्ति का अधिकार वैध प्रबन्ध समिति को है। जनपद देवरिया के राज्यानुदानित मदरसा अहले सुन्नत डा० हाजी लतीफ खोरीबारी, रामपुर भटनी, देवरिया के 13 शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मियों का वेतन भुगतान बाधित होने का कारण मदरसे की प्रबन्ध समिति को वर्ष 2004 से सक्षम प्राधिकारी, सहायक रजिस्ट्रार, फर्म्स सोसाइटी एवं चिट्स गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर के द्वारा अपने आदेश पत्रांक-1792 दिनांक 07.09.2004 के द्वारा कालातीत घोषित किया जाना है। इसके अतिरिक्त मदरसा जामिया अरबिया मेराजुल उलूम देवरिया बुद्धखाँ देवरिया में स० अ० तहतानिया के पद पर कार्यरत शिक्षक श्री मो० खालिद के हाईस्कूल परीक्षा प्रमाण पत्र में अनियमितता की जांच |

| | |
|---|---|
| | प्रचलित होने के कारण वेतन भुगतान बाधित है। |
| (ग) वेतन रोकने के कारणों में शिक्षक को किस आधार पर उत्तरदायी ठहराया गया है ? | प्रकरण में मदरसा अहले सुन्नत डा० हाजी लतीफ खोरीबारी, रामपुर भटनी, देवरिया के शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मियों का वेतन रोकने का कारण मदरसे की प्रबन्ध समिति को सहायक रजिस्ट्रार, फर्म्स सोसाइटी एवं चिट्स गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर के द्वारा अपने आदेश पत्रांक-1792 दिनांक 07.09.2004 के द्वारा कालातीत घोषित किया जाना तथा उक्त आदेश के विरुद्ध मा० उच्च न्यायालय, इलाहाबाद में रिट याचिका सं० 20016/2024 योजित होना है। इसी प्रकार मदरसा जामिया अरबिया मेराजुल उलूम देवरिया बुद्धखाँ देवरिया के शिक्षक श्री मो० खालिद के हाईस्कूल परीक्षा प्रमाण पत्र में अनियमितता की जांच प्रचलित होने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन होना है। |
| (घ) क्या विभाग के अधिकारियों के मनमानेपन के कारण निर्दोष शिक्षकों को उत्पीड़ित होना पड़ रहा है ? | जी नहीं। |
| (ड़) क्या ऐसे अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए शिक्षकों का वेतन भुगतान कराकर पूरा विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ? | उपरोक्तानुसार। |

**ओम प्रकाश राजभर**
मंत्री,
अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ विभाग।